संख्या-24/2024/2073/001-1054-2024-23-10099-18-2024

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 लखनऊ: दिनांक 04 दिसम्बर, 2024

विषय:- वित्तीय वर्ष 2024-2025 में राज्य योजना (सामान्य) के अंतर्गत विभिन्न जनपदों के कुल 03 नये दीर्घ सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (सेतु विंग) उ०प्र० लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-252/प्रा०आ०-कटका पुल/आमी नदी/गोरखपुर/सेतु-3/24 दिनांक 26.02.2024, पत्र संख्या-248/प्रा० आगणन शाहजहांपुर (रामपुर ढका डांडी) सेतु-6/23-24 दिनांक 21.02.2024 एवं पत्र संख्या-122/प्रा० आगणन शाहजहांपुर (खिरिया खुदागंज) सेतु-6/23-24 दिनांक 30.01.2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में अनुदान सं0-57/83 में राज्य योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के कुल 03 नये दीर्घ सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु कुल लागत 5269.28 लाख (रूपये बावन करोड़ उनहत्तर लाख अटठाईस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने तथा उसके सापेक्ष निम्न तालिका के कॉलम-5 में अंकित अनुदान सं0-57 से रू0 2075.84 लाख व कॉलम-6 में अनुदान सं0-83 से रू0 558.81 लाख अर्थात कॉलम-7 में अंकित कुल रू० 2634.65 लाख (रूपये छब्बीस करोड़ चौतीस लाख पैंसठ हजार मात्र) की धनराशि श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरणानुसार तथा शर्तों व प्रतिबन्धों सहित अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	लागत (लाख रू0 में)	वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित आवंटन की फांट			कार्यदायी संस्था
				अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	कुल योग (7+8)	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	शाहजहॉपुर	जनपद शाहजहॉपुर में विधान सभा क्षेत्र 131 कटरा के विकास खण्ड खुदागंज के अन्तर्गत खिरिया-खुदागंज मार्ग पर ग्राम खिरिया के निकट देवहा नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण।	2151.25	847.49	228.14	1075.63	सेतु निगम
2	शाहजहॉपुर	जनपद शाहजहॉपुर में विधानसभा क्षेत्र जलालाबाद में ग्राम रामपुर ढका डांड़ी के निकट बहगुल नदी पर पान्टून पुल के स्थान पर मुख्य सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँचमार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण।	1615.54	636.44	171.33	807.77	सेतु निगम
3	गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में विधान सभा सहजनवॉ के अंतर्गत आमी नदी पर कटका पीपा पुल के स्थान पर सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के निर्माण कार्य।	1502.49	591.91	159.34	751.25	सेतु निगम
		योग:-	**5269.28**	**2075.84**	**558.81**	**2634.65**	

http://shasanadesh.up.gov.in

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश सं०-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक एवं गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग कार्यदायी संस्था की होगी। प्रायोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य मद के लिये है, उसी कार्य मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(6) विभागाध्यक्ष व संबंधित अधिकारीगण, व्यय वित्त समिति द्वारा लगायी गयी शर्तों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(7) अधिष्ठान व्यय सेन्टेज चार्ज की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश सं०-ए०-2-23/दस-2011-17(4)/75 दि० 25.01.2011 के अनुसार लोक निर्माण विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्ष में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट करके विभागाध्याक्ष संबंधित अधिकारी द्वारा जमा की जायेगी।

(8) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(9) मूल्य ह्रास निधि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा करायी जायेगी।

(10) प्रायोजनान्तनर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही CALA (कम्पीटेन्ट अथारिटी फॉर लेण्ड एक्यूजीशन) के माध्यम से न्यूनतम आवश्यकतानुसार सुसंगत वित्तीय नियमों के आधार पर किया जाये।

(11) प्रायोजनान्तनर्गत 18 प्रतिशत जी०एस०टी० की धनराशि अनुमन्य कर दी गयी है। विभागाध्यक्ष द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जाये कि प्रायोजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी०एस०टी० सम्मिलित न हो।

(12) प्रायोजना की लागत का अनुमोदन प्रशासकीय/वित्तीय अनुमोदन तथा बजट आवंटन के उददेश्यो से किया गया है। प्रायोजना पर सक्षम स्तेर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही निर्माण प्रारम्भ कराया जाय।

(13) प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्रावधानों को यथावत मानते हुये किया गया है। सेतु निर्माण की लम्बाई एवं चौड़ाई में परिवर्तन, आर०ई०वाल० एबेटमेन्ट आदि में परिवर्धन परिवर्तन, स्वीकृत परियोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि शासन व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।

(14) प्रायोजनान्र्तगत प्रस्तावित कार्यों की मात्राओं निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तररदायित्व कार्यदायी संस्था विभागाध्यक्ष का होगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

(15) नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये।

(16) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व विभागाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना कार्यक्रम के अंतर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(17) विभागाध्यक्ष, लो०नि०वि० द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता उत्तरदायी होंगे।

(18) सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से संबंधित वित्तीय प्रबंधन के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्यास-01/2023/ए-2-60/ दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 एवं शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 19 मई, 2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(19) विभागाध्यक्ष, लो०नि०वि० द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि विद्युत/यांत्रिक खण्डों से संबंधित धनराशि मुख्यालय से सीधे विद्युत/यांत्रिक खण्डों (जिसके द्वारा कार्य किया जाना है) को आवंटित की जायेगी।

(20) विभागाध्यक्ष, लो०नि०वि० द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये क्षेत्रीय अधिकारी/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता उत्तरदायी होंगे।

(21) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2024/ बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04.03.2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 20,75,84,000 (रुपये बीस करोड़ पचहत्तर लाख चौरासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 57 **लेखा शीर्षक** 5054041010403 ग्रामीण सेतुओं का निर्माण **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये: 5,58,81,000 (रुपये पाँच करोड़ अट्ठावन लाख इक्यासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 83 **लेखा शीर्षक** 5054047892000 ग्रामीण सेतुओं का निर्माण कार्य **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-8-122-X-2024-25, दिनांक- 02-09-2024 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

शिव कुमार

अनुसचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-24/2024/2073(1)/001-1054-2024-23-10099-18-2024, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ०प्र०, प्रयागराज।
2- संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
3- संबंधित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
4- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- प्रबंध निदेशक, उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, लखनऊ ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
7- संबंधित कोषाधिकारी ।
8- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ ।
9- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 ।
10- समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/ राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
11- बजट आवंटन अधिकारी, लो०नि०वि०, उ०प्र० शासन।
12- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,
शिव कुमार
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in